Transport for NSW

सड़क सुरक्षा

स्कूलों के पास सुरक्षित ड्राइविंग और पार्किंग

स्कूल के दिन की शुरुआत और समाप्ति का समय स्कूलों में बहुत व्यस्तता वाला होता है। इसलिए आपको 40 किमी/घंटा की गति सीमा वाले स्कूल क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की ज़रूरत है।

सुरक्षापूर्वक ड्राइव करें

- स्कूल क्षेत्र में गति धीमी करके 40 किमी/घंटा रखें तथा सड़क पार करने के निश्चित स्थानों (क्रॉसिंग्स) के प्रति सचेत रहें।
- जिस क्रॉसिंग पर सड़क पार करवाने के लिए कोई व्यक्ति (सुपरवाइजर) उपस्थित हो वहाँ स्कूल क्रॉसिंग सुपरवाइजर के निर्देशों का पालन करें। वे यातायात को प्रबंधित करने में मदद करते हैं और बच्चों को स्कूलों के आस-पास की और स्कूलों की सीमा से बाहर की सड़कों पर क्रॉसिंग का उपयोग करने में सहायता करते हैं।
- पैदल चलने वालों को हमेशा रास्ता दें, विशेषकर ड्राइववेज़ में प्रवेश करते और वहाँ से निकलते समय।

कानूनी रूप से और सुरक्षित तरीके से पार्क करें

- पार्किंग संकेत (साइन्स) बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।
- सुरक्षित तरीके से और कानूनी तरीके से पार्क करें, भले ही इसके लिए आपको स्कूल गेट तक अधिक दूरी तक पैदल चलना पड़े।
- स्कूल के आसपास हमेशा वैध तरीके से पार्क करें और मोड़ें। यू-टर्न और थ्री-पॉइंट टर्न खतरनाक होते हैं।
- कभी भी डबल पार्किंग न करें क्योंकि इससे बच्चों को खतरा हो सकता है।
- कभी भी बस ज़ोन में या स्कूल बस के खड़े होने की जगह पर पार्क न करें।
- स्कूल के ड्राइववे पर या स्कूल कार पार्क के प्रवेश द्वार पर गाड़ी पार्क न करें।
- सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा गाड़ी में अंदर और बाहर जाने के लिए 'सेफ्टी डोर' (सड़क के किनारे की तरफ़ वाला वाहन का पीछे की तरफ का दरवाज़ा) का उपयोग करता है।
- अपने बच्चे के लिए सुरक्षित और समझदारी भरे व्यवहार का उदाहरण प्रस्तुत करें - वे आपसे ही सीखते हैं।
- अपने बच्चों को स्कूल मे छोड़ने और लेने के लिए, स्कूल द्वारा सुझाए गए ड्रॉप ऑफ और पिक अप क्षेत्र का उपयोग करना हमेशा एक अच्छा विचार है। इससे स्कूल के दिन के सबसे व्यस्त समय के दौरान सभी बच्चों को यथासंभव सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा करने की आदतें बच्चे आपसे सीखते हैं और जब वे अकेले यात्रा करने लायक बड़े हो जाएंगे तो वे इन्हें जारी रखेंगे।

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।

स्टॉक कोड 45095235 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

NSW GOVERNMENT

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।

TOWARDS ZERO